सीएम की सलाह...महायोजना में व्यावसायिक-औद्योगिक क्षेत्र बढ़ाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की ओर से तैयार महायोजना 2031 को जल्द ही प्रभावी किया जाएगा। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने सोमवार की शाम को एनआईसी भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने ऑनलाइन प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री ने व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्र बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की ओर से दिए सुझावों को महायोजना में शामिल कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द से जल्द महायोजना को लागू करने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में पांच विकास प्राधिकरणों की ओर से तैयार महायोजना का प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के समक्ष होना था। इस कार्यक्रम से गोरखपुर से जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन एवं नियोजन विभाग से हितेश जुड़े थे। गोरखपुर का नंबर आने पर जीडीए उपाध्यक्ष ने प्रस्तुतीकरण दिया। सभी प्रमुख बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने विकास के पथ पर आगे बढ़ते गोरखपुर में व्यावसायिक, औद्योगिक क्षेत्र बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हरित क्षेत्र पर्याप्त रखा जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने ऑनलाइन देखा प्रेजेंटेशन, दिए सुझाव

महायोजना में हरित क्षेत्र पर्याप्त रखने के दिए निर्देश

शासकीय समिति ने फिर जताई आपत्ति, मांगी रिपोर्ट

22 सितंबर-23 को प्रकाशित खबर।

2500 एकड़ क्षेत्रफल विनियमित घोषित

गोरखपुर। जिले में 2500 एकड़ क्षेत्रफल विनियमित घोषित किया गया है। महायोजना 2031 में यह बड़ा निर्णय लिया गया। 50 हजार से अधिक लोगों को इससे फायदा होगा। विनियमितीकरण के कारण इस क्षेत्र में मानचित्र पास नहीं हो पाता था और अवैध निर्माण को बढ़ावा मिल रहा था। इस निर्णय के बाद शहर से नजदीक के गांव में भी मानचित्र आसानी से पास हो जाएगा। इसके साथ ही वन क्षेत्र के किनारे प्रतिबंधित क्षेत्र को भी कम किया गया है। पांच से 10 मीटर दायरे के बाद निर्माण किया जा सकेगा। प्राकृतिक नाला के दोनों ओर 15-15 मीटर दाया निर्माण के लिए प्रतिबंधित रहेगा। संवाद